हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री



कांग्रेस की संगठन विस्तार बैठक कार्यकर्ताओं से दावेदारी की अपील

12



कोमाखान में भारत की जीत व चैंपियन बनने पर ...

12



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बागबाहरा के बाजारपारा से पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि दुर्गेश कुमार सोनवानी पिता भरत सोनवानी (34 वर्ष) वार्ड नं 11 बाजारपारा बागबाहरा खोटला घठोना नैकिन तालाब के पास शराब बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.5 लीटर महुआ शराब कीमत 500 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### अज्ञात लोगों ने की लूटपाट

**महासमुंद।** ग्राम लोहरीनडोंगरी में लूटपाट के शिकार बाइक सवार ने तीन अज्ञात लोगों के विरूद्ध सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि लिलेश्वर सहिस पिता निरंजन सहिस (19 साल) कसीबाहरा थाना पिथौरा 9 मार्च को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचसी 8936 से दोस्तों के साथ सरायपाली से कसीबाहरा जा रहा था, रात्रि लगभग 02 से 02.30 बजे के मध्य एनएच 53 ग्राम लोहरीनडोंगरी जरहा पुलिया के पास लाल काले रंग के प्लसर मोटर सायकल में तीन अज्ञात व्यक्तियों के आये और उनकी मोटर सायकल के आगे अपने बाइक को खड़ा कर दिया और चाकू दिखाकर धमकी देने लगे और उन्होंने नगद 500 तथा मोबाइल को लूट लिया। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(5), 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### गाली देने से मना करने पर पंचायत सचिव से मारपीट

**महासमुंद।** गाली देने से मना करने पर ग्राम पंचायत डोंगरीपाली के सचिव के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मारपीट के शिकार प्रार्थी प्रकाश सांडे पिता स्व गुलापू सांडे (42 साल) कटंगतराई थाना सांकरा ने सांकरा थाने में रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया क 9 मार्च की रात्रि लगभग 8 बजे उसके घर के सामने गांव के स्वागत गेट के पास शैलेंद्र निषाद और नारायण निषाद उसे गाली दे रहे थे। जब उसने मना किया तब दोनों ने एक राय होकर हाथ मुक्का से मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी मां सुरूवाली सांडे के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 16 से, निजी स्कूलों के लिए भी शामिल होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शासन ने स्पष्ट किया-किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 के लिए 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत (बोर्ड) परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस बार शासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को मापना है, न कि उन्हें फेल करना। जिले के शासकीय, अनुदान प्राप्त और छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी निजी स्कूलों में यह परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। शिक्षा विभाग के नए निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा। यदि कोई छात्र मुख्य परीक्षा में असफल होता है, तो उसे पूरक परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। यदि वह पूरक परीक्षा भी पास नहीं कर पाता, तब भी उसे विशेष मार्गदर्शन के साथ अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई के नियमों में केंद्र सरकार द्वारा दी गई ढील के बाद राज्य शासन ने छात्रों के गिरते शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए यह निर्णय लिया है।

## स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीकृत (बोर्ड) परीक्षाओं की तैयारी कर ली गई पूरी

### निजी स्कूलों के लिए बोर्ड परीक्षा अनिवार्य

पिछले वर्ष अधिसूचना में देरी के कारण प्रदेश सहित जिले के कम निजी स्कूल ही परीक्षा में शामिल हुए थे और मामला कोर्ट तक पहुंचा था। इस वर्ष स्थिति अलग है। माननीय उच्च न्यायालय ने निजी स्कूल संगठन की याचिका खारिज कर दी है, जिसके बाद अब जिले के सभी छत्तीसगढ़ बोर्ड संबद्ध निजी स्कूलों के लिए इन परीक्षाओं में शामिल होना अनिवार्य है। केवल सीबीएसई स्कूल ही अपनी परीक्षाएं स्वयं लेंगे।




### परीक्षा कार्यक्रम और व्यवस्थाएं

जिले में परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार होगा जिसमें 5वीं की परीक्षा, 16 मार्च से प्रारंभ होगी एवं 8वीं की परीक्षा, 17 मार्च से प्रारंभ होने वाली हैं। शासकीय और निजी दोनों विद्यालयों के छात्रों के लिए एक समान प्रश्न पत्र होंगे। कॉपियों की जांच संकुल स्तर पर बनाए गए केंद्रों में होगी। 5वीं की कॉपी जांचने के लिए 2 रुपये और 8वीं के लिए 3 रुपये प्रति कॉपी मानदेय तय किया गया है। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सीलबंद कर विकासखंड स्तर पर 3 महीने तक सुरक्षित रखा जाएगा। इसकी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की होगी। 5वीं के लिए 55 रुपये और 8वीं के लिए 60 रुपये प्रति छात्र शुल्क निर्धारित है, जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा होगा।

## चालाकी : हेलमेट जांच के डर से मुख्य सड़कों से कटकर भीतरी रास्तों से निकल रहे वाहन चालक

# चालान से बचने के लिए गलियों में दौड़ा रहे बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के चौक चौराहों में लगे हाईटेक कैमरे और चालानी कार्रवाई का असर दूसरे ही दिन नजर आने लगा। मुख्य मार्ग में लगे कैमरों से बचने के लिए अब लोग शहर के भीतरी मार्गों का सहारा ले रहे हैं। इसके चलते सिविल लाईन सहित अन्य मोहल्लों से होकर गुजरने वाली सड़कों में अप्रत्याशित यातायात की बढ़ोत्तरी से लोग अभी से हलकान होने लगे हैं।

पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ ई चालान के पहले ही दिन 73 लोगों का चालान उन्हें भेजा गया। इस खबर के साथ ही लोग सतर्क हो गए और शहर के मुख्य मार्ग की जगह भीतरी रास्तों से होते हुए इससे बचने की जुगत में जुट गए। दोपहिया चालक कार्रवाई से बचने वैकल्पिक रास्तों से गुजरने लगे हैं। हालांकि पुलिस की मानें तो यह कार्रवाई लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली गंभीर चोटों से बचाव के लिए हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है।




### शहरी क्षेत्र में हेलमेट छूट की मांग

पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्र में 8 मार्च से लागू ई चालान व्यवस्था को स्थगित करने की मांग उठने लगी है। व्यापारी, छात्र, आरटीआई कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन इसे लेकर मुखर हो रहे हैं कि शहर के भीतर यातायात की गति को नियंत्रित किया जाए जिससे दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। शहर के बाहर हाईवे में होने वाली दुर्घटनाओं का प्रतिशत शहर के भीतर होने वाली दुर्घटनाओं का 40 गुना है।

### कार चालकों को मिल रहा हेलमेट के लिए ई-चालान

बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर अचानक और व्यापक स्तर पर ई-चालान की कार्रवाई से शहर की जनता के बीच काफी नाराजगी देखी जा रही है। आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) कैमरों के माध्यम से पहले ही दिन 73 ई-चालान जारी किए गए, जिससे जनता हैरान है। कई मामलों में कार मालिकों को हेलमेट न पहनने के लिए ई-चालान प्राप्त हुए हैं तो किसी को सप्ताह भर पुरानी फुटेज के आधार पर चालान किया गया जिसे पुलिस ने 'मानवीय भूल' या तकनीकी खराबी बताया है। गलत चालान को ठीक करवाने नागरिकों को आरटीओ दफ्तर और तथा पुलिस विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे समय और पैसे की बर्बादी हो रही है।

### शहर के भीतर हेलमेट अव्यवहारिकः त्रिपाठी



सामाजिक कार्यकर्ता अनुपम त्रिपाठी ने कहा है कि शहरी क्षेत्र अत्यंत सीमित तथा घना है जिसमें समस्त व्यवसायिक, व्यापारिक व अन्य गतिविधियां केवल 3-4 किलोमीटर में संचालित होती है। चूँकि क्षेत्र सीमित है तथा बार-बार छोटे मोटे काम को लेकर आम नागरिकों, ग्राहकों एवं व्यवसाइयों का वाहनों में आना जाना लगा रहता है अतः छोटी दूरी के लिए बार बार हेलमेट पहनकर आना-जाना व्यवहारिक नहीं है।

### हेलमेट नियम की पहल को निधि ने सराहा



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस टीम द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्यवाही की सराहना करते हुए कहा है कि पहले ही दिन 73 रिपीट ऑफेंडर्स पर ई-चालान की कार्रवाई की गई है। जनपद सदस्य निधि ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## शहर के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें प्रशासन : पंकज




पूर्व पार्षद व समाजसेवी पंकज साहू ने शहरी क्षेत्र में हेलमेट नहीं पहनने पर होने वाली ई चालान की कार्रवाई को अवैधानिक बताया है। साहू ने कहा कि यदि इसका उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना है, तो यह कदापि संभव नहीं है, क्योंकि शहर का यातायात व्यवस्था पहले ही बदहाल है। पुलिस को पहले शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त किया जाना चाहिए। उसके बाद नियम लागू कर कार्रवाई किया जाना चाहिए। साहू ने कहा है कि शहर में दुर्घटनाओं का मुख्य कारण खराब ट्रैफिक व्यवस्था, जर्जर सड़कें हैं। इसके अलावा शहर में भारी वाहनों की एंट्री, तेज रफ्तार और पटाखे वाली साइलेंसर युक्त वाहनों पर कार्रवाई ना होना, नो पार्किंग में भी गाड़ियों की लंबी लाइनें, मुख्य मार्ग में आए दिन जुलूस, रैली की अनुमति आदि है।

## कांग्रेसियों ने जनाक्रोश को रखा पुलिस के समक्ष

जनता में व्याप्त आक्रोश को देखते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने यातायात प्रभारी एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय से मुलाकात की और इस विषय को गंभीरता से रखा। सभी ने शहरी क्षेत्र मे हेलमेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग रखी कि शहरी सीमा क्षेत्र के भीतर हेलमेट की अनिवार्यता न हो, ताकि स्थानीय लोगों को छोटी दूरियों के लिए बार-बार हेलमेट पहनने की असुविधा से राहत मिल सके। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि शहर के अंदर वाहनों की गति कम होती है, इसलिए यहां हेलमेट की वैसी आवश्यकता नहीं, जैसी नेशनल हाईवे या बाहरी सड़कों पर होती है। एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरता से सुना और इस विषय पर नियमानुसार विचार करने का आश्वस्त किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में निर्मल जैन कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस, खिलावन बघेल शहर मंडल अध्यक्ष, मुस्ताक खान विक्की पार्षद, प्रदीप चंद्राकर प्रदेश सचिव ओबीसी कांग्रेस, जावेद चौहान पूर्व एल्डरमैन और राजू साहू पूर्व पार्षद शामिल रहे।



## सूने मकान से साढ़े तीन लाख के जेवर चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अछोली में एक सूने मकान से साढ़े तीन लाख रुपए से ज्यादा के जेवर चोरी के मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को ग्राम अछोली निवासी देवेंद्र चंद्राकर पिता अशोक चंद्राकर ने बताया कि उसके बडे भाई तिजेंद्र चंद्राकर की शादी तक शगुन पैलेस में हो रही थी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए 7 मार्च को रात्रि करीबन 9 बजे अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर ग्राम अछोली से महासमुंद गया था। 9 मार्च को 10 बजे शादी का सामान लेने वापस अपने घर ग्राम अछोली अपने डेढ़साला हरीश चंद्राकर के साथ आया, तब देखा कि घर के अंदर चैनल गेट में ताला नहीं लगा हुआ था तथा कमरे के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। और आलमारी से 1 नग सोने का चेन 13 ग्राम, सोने का गेहूं दाना 10 नग, सोने का 01 जोड़ी कान का लटकन, 2 नग सोने का फुल्ली, सोने का मंगलसूत्र 10 ग्राम, सोने का मंगलसूत्र 04 ग्राम, सोने का चेन पेंडेट 08 ग्राम, सोने का कान का सुईधागा 03 ग्राम, सोने का 05 नग अंगूठी, सोने का 12 नग गेहूं दाना कीमत लगभग 3,50,000 रुपए, चांदी का एक पायल कीमत 5000 रुपए कुल कीमती 3,55,000 रुपए को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# एआई शोधकर्ताओं को बना रहा है सक्षम और सशक्तः डॉ. अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में पांच दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का आयोजन 06 मार्च से 11 मार्च तक एस्पेक्ट्स ऑफ रिसर्च मेथोडोलॉजी : टूल्स, ट्रेंड्स, एंड टेक्निक्स विषय में आयोजित है । कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ रीता पांडेय विभागाध्यक्ष इतिहास, सहायक समन्वयक डॉ ईपी चेलक विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, आयोजक सचिव डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, रूसा प्रभारी प्रियंका सोनवानी, विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र है । चतुर्थ दिवस 10 मार्च को प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद एवं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ. राजीव मिंज पुरातत्वविद, पुरातात्विक विभाग रायपुर द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ शीलभद्र कुमार प्राचार्य शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद मंचस्थ रहे। प्रथम सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार देवांगन ने बताया कि एआई टूल्स शैक्षणिक अनुसंधान में डेटा संग्रह और विश्लेषण को तेज और सटीक बनाते हैं। ये शोधकर्ताओं को बड़ी मात्रा में जानकारी को व्यवस्थित करने और महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकालने में मदद करते हैं। एआई की सहायता से साहित्य समीक्षा अनुवाद और लेखन को भी सरल बनाया जा सकता है। इसके अलावा, एआई टूल्स शोध कार्य की गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. राजीव मिंज ने पुरातात्विक उत्खनन के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक उत्खनन के लिए वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जैसे सर्वेक्षण, स्तरीकरण और सावधानीपूर्वक खुदाई। इन तकनीकों के माध्यम से प्राचीन मंदिरों, मूर्तियों, सिक्कों और अवशेषों की खोज की जाती है। सिरपुर और मल्हार जैसे स्थलों पर हुए उत्खनन से क्षेत्र के इतिहास, संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। यह उत्खनन छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत को समझने में सहायक है। द्वितीय सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. शीलभद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकृति, नैतिकता और समग्र जीवन दृष्टि पर आधारित है, जिसमें आध्यात्मिकता और मानव मूल्यों को महत्व दिया जाता है। इसके विपरीत आधुनिक ज्ञान प्रणाली अधिकतर वैज्ञानिक प्रयोग, तकनीक और तर्क पर आधारित है। भारतीय ज्ञान परंपरा संतुलित जीवन और प्रकृति के साथ सामंजस्य पर जोर देती है, ▶▶| शेष पेज 12 पर




## नाली निर्माण में लापरवाही से बढ़ी परेशानी, खुली नाली में गिरी गाय





**महासमुंद।** शहर के महामाया मंदिर मार्ग से गांधी चौक की ओर इन दिनों नाली निर्माण का कार्य जारी है। उक्त निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के चलते कई दिनों से कार्य बंद है जिसके चलते यहां आसपास के नागरिकों और व्यापारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार प्रदेश स्तरीय कांग्रेसी नेता का करीबी है और लगातार कार्य को पूर्णता की ओर ले जाने में टालमटोल कर रहा है। नाली के निर्माण में भी गुणवत्ता के मापदंड़ों को पूरा नही किया जा रहा है। बता दें कि खुली नाली में सोमवार को एक गाय गिर गई जिसे काफी मशक्कत के बाद मंगलवार सुबह निकाला जा सका।

# लूटपाट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 24 घंटे के भीतर पुलिस को मिली सफलता

महासमुंद पुलिस ने जिले में हुए दो अलग-अलग लूटकांड के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। थाना पिथौरा और थाना सांकरा क्षेत्र में हुई लूट की घटनाओं के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 08 मार्च 2026 की रात ग्राम टेका स्थित एचपी टेका फ्यूल्स पेट्रोल पंप में प्रार्थी हेमंत साहू (25 वर्ष) निवासी डुमरपाली थाना पिथौरा से तीन अज्ञात युवक पल्सर बाइक में पहुंचे और जबरन 36,500 रुपये नकद और एक पुराना रेडमी मोबाइल (कीमत लगभग 5,000 रुपये) लूटकर फरार हो गए। इस मामले में प्रार्थी की लिखित शिकायत पर थाना पिथौरा में अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

इसी प्रकार थाना सांकरा क्षेत्र के ग्राम लोहरीनडोगरी में भी तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लिलेश्वर सहिस से 500 रुपये नकद और दो पुराने मोबाइल (कीमत लगभग 18,000 रुपये) लूट लिए गए थे। इस मामले में थाना सांकरा में अपराध क्रमांक 49/26 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।



घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए महासमुंद पुलिस ने पूरे जिले में नाकाबंदी कर अलग-अलग टीमों का गठन किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर मामले की जांच तेज की। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी मुकेश यादव उर्फ मुंडा (19 वर्ष) निवासी संजय नगर सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक चाकू तथा घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस लूटकांड में शामिल अन्य दो फरार आरोपियों की तलाश जारी है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पूरे मामले की कार्रवाई में महासमुंद पुलिस और थाना पिथौरा पुलिस की टीम ने अहम भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि बने रामआसरे



**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से राम आसरे यादव को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर यादव समाज के सामाजिक जनों ने उनसे मुलाकात की। सांसद रुपकुमारी चौधरी का आभार जताया। जिसमें मुख्य रूप से जीवन यादव, मोहन यदु, पुरुषोत्तम पंडा यादव, सतीश यादव, संजय यादव, मनोहर यादव, भुवनेश्वर यादव, विष्णु यादव, धनुष यादव, मोती यादव, बलराम यादव, रोहित यादव, हेमलाल यादव, ओम प्रकाश यादव नोहर यादव, गौतम यादव अधिवक्ता, मनीष यादव, वेदकुमार यादव, छोटकू, संतोष यादव, नथेलू यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संजय यादव ने दी।

### जिला उपाध्यक्ष ने संगठन का माना आभार



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष आकाश पांडेय ने अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व और संगठन का आभार प्रकट किया है। हाल ही में घोषित नई कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगा। युवाओं को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# जनपद परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ होली मिलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जनपद पंचायत में विश्व महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओ का सम्मान किया गया। साथ ही होली मिलन के बहाने उत्सव का उल्लास बिखेरते हुए आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ जनपद पंचायत क्षेत्र के विकास की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद सभापति दिनेश अग्रवाल, जनपद सदस्य जयंती सिदार, शैलेंद्री ध्रुव, सरपंच शशिकला पटेल ने भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उपस्थित पंचायत राज प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि 21 वी सदी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जाना जाएगा जब महिलाएं घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर गांव के फ़ैसले ले रही है और समाज की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा रही है। उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण महिलाये ना केवल राजनीतिक और सामाजिक रूप से शसक्त हो रही है बल्कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर है। जिला भाजपा प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि युग परिवर्तन की बेला है आज के परिवेश में शैक्षणिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का प्रदर्शन बेहतर है साथ ही अन्य क्षेत्रों में महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है। केंद्र सरकार और राज्य की साय सरकार ने महिलाओं के हित में अनेक योजनाये लागू की है। यहां तक की राशन कार्ड प्रधानमंत्री आवास में महिलाओं को मुखिया बनाकर उनके मान सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाया है। सरपंच संघ के अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में नया आयाम स्थापित कर रही हैं। जनपद सदस्य पुरूषोत्तम घृतलहरे ने कहा कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में आगे है, चाहे वह घर हो, समाज हो या देश हो, आप सब हमारी प्रेरणा है। सरपंच शशिकला पटेल ने भी छतीसगढ़ की सरकार मातृशक्ति की सुरक्षा समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिये कार्य कर रही है। कार्यक्रम का मंच संचालन उमेश दीक्षित ने किया एवं कार्यक्रम का स्वागत भाषण जनपद सीईओ योगेश्वरी बर्मन ने दिया।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन, विकास विस्तार अधिकारी डीएल बरिहा, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी सुशील चौधरी, करारोपण अधिकारी उमेश दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा राजकुमार दीवान, तेजेंद्र साहू, पंचायत इंस्पेक्टर गुलाब सामल, सुभाष प्रधान, तकनीकी सहायक अजय पटेल, विकासखंड के सरपंच, उपसरपंच सहित जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आकांक्षी विकासखंड पिथौरा में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत जनसमस्या निवारण शिविर जारी

## प्रथम चरण में सोमवार को ग्राम पंचायत सांकरा में शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विकासखंड पिथौरा में संपूर्णता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 14 अप्रैल तक आयोजित किया जाएंगे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जा रहा हैं। अभियान के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल 5 संकेतकों में से 4 संकेतक तथा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के 6 संकेतकों में से 5 संकेतकों को अब तक 100 प्रतिशत संतृप्त किया जा चुका है। शेष संकेतकों को भी पूर्ण रूप से संतृप्त करने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में सीईओ जनपद पंचायत पिथौरा योगेश्वरी बर्मन के नेतृत्व में संपूर्णता अभियान 2.0, जनसमस्या निवारण शिविर तथा आईईसी जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण में 09 मार्च को ग्राम पंचायत सांकरा में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने की। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, जनपद सभापति कंवलजीत छाबड़ा, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम लहरे तथा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। इस शिविर में अतिथियों द्वारा 2 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 3 शिशुओं के अन्नप्राशन की रस्म संपन्न कराई गई। साथ ही अतिथियों द्वारा विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया गया।

शिविर में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा संबंधित विभागों द्वारा उनका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ नीति आयोग के एबीएफ विकास दीप टंडन भी उपस्थित रहे। अभियान के तहत आगामी शिविर 11 मार्च को ग्राम पंचायत भुरकोनी, 13 मार्च को लाखागढ़ तथा 16 मार्च को सल्डीह में आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 18 मार्च को जिला मुख्यालय महासमुंद में किया जाएगा।

### भंवरचुवा-मधुबन से डोंगरीपाली मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 6 करोड़ स्वीकृत



**बसना।** जनपद पंचायत बसना अंतर्गत ग्राम भवरचुवा मधुबन से डोंगरीपाली को जोड़ने वाला मार्ग सरसिवा और सरायपाली को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। लंबे समय से अधूरे कार्य और नाले पर पुल निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यह सड़क लगभग 20 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थी, लेकिन बीच में पड़ने वाले नाले पर पुल का निर्माण नहीं हो पाने से विशेषकर बरसात के समय आवागमन बाधित हो जाता था। क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण समस्या को देखते हुए संचार एवं संकर्म के सभापति एवं क्षेत्र की जनपद सदस्य मीरा ऋषिकेश पटेल ने सभापति प्रकाश सिन्हा के सहयोग एवं मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को बजट में शामिल कराने के लिए पहल की। जिस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए राज्य सरकार द्वारा बजट में 6 करोड़ रुपये की राशि भंवरचुवा मधुबन से डोंगरीपाली पहुंच मार्ग के निर्माण तथा नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और उन्होंने राज्य सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### द्रोण पटेल को जिला प्रशिक्षण प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई



**खल्लारी (भीमखोज)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महासमुंद जिले का संगठनात्मक विस्तार करते हुए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भाजयुमो महासमुंद ने द्रोण पटेल को जिला प्रशिक्षण प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी है। द्रोण पटेल छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ (एबीवीपी) से लंबे समय तक संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं, और संगठन में पूर्व महाविद्यालय एनसीसी सहप्रमुख, एबीवीपी जिला कार्यकारणी सदस्य, एबीवीपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अमृत महोत्सवी विस्तारक, इत्यादि महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में शाला विकास प्रबंधन समिति ग्राम बीकेबाहरा के अध्यक्ष हैं। भारतीय जनता पार्टी के लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी, खोंमन साहू उपाध्यक्ष मंडल खल्लारी, नंदनिषाद प्रदेश कार्य समिति सदस्य मछुवारा प्रकोष्ठ, सुजीत साहू महामंत्री खल्लारी मंडल, पुन्न सब्बर, हीरा साहू, होमन साहू, आर्यप्रकाश चंद्राकर, भेखलाल सिन्हा, लुमेश देवांगन, पप्पू सांवरा, दीपक पटेल, कुबेर यद्धु, उत्तम पटेल, महेंद्र ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया। खिलेश साहू मीडिया प्रभारी खल्लारी मंडल ने यह जानकारी दी।

# बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों को सुबह की पाली में लगाए जाने की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की है। स्कूल शिक्षा विभाग प्रशासन को पत्राचार कर शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में गर्मी का तापमान अधिकतम की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में शालाएं दो पाली में संचालित की जा रही है द्वितीय पाली में लगने वाले स्कूलों में दोपहर के समय स्कूल से घर लौटते वक्त बच्चों को डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक (लू लगना) जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छोटे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने शासन स्कूल शिक्षा विभाग से निम्नांकित बिंदुओं के आधार पर शालाओं के संचालन का आग्रह किया है।

राज्य में शालाओं का संचालन सुबह सिर्फ एक पाली में किया जाए। समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक नियत किया जाए। प्रदेश के समस्त शासकीय अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों का संचालन सुबह की एक पाली में संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने उम्मीद जताई है कि विभाग बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस विषय पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगा। संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, मुकतेश्वर देवांगन, तिलक यादव, फारूक कादरी, देवेंद्र साहू, अनुराग वास्तव, प्रवीण तिवारी, रविंद्र मरकाम, करीम खान, अतुल मिश्रा, विजय वर्मा, अरुण ध्रुव, जिला अध्यक्ष, चंदू चंद्राकर धमतरी, अर्जुन क्षत्री, जांजगीर, एमआर खान, गरियाबंद, दिलीप तिवारी, महासमुंद, शेखर पांडेय, बिलासपुर, दिलीप चंद्रवंशी, कवर्धा, सुचिन वर्मा, बलौदाबाजार, आदि जिला अध्यक्ष एवं संघ पदाधिकारियों ने राज्य में शाला समय सुबह पाली में लगाए जाने की मांग की है।

### पारागांव में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक अधिवेशन



**महासमुंद।** चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 2026 पारागांव में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम खरोरा, जिला महासमुंद निवासी शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (ज्ञानदीप) पुरस्कार प्राप्त होने के उपलक्ष्य में कुर्मी समाज की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि को समाज के लिए गौरव की बात बताते हुए उपस्थित जनों ने बधाई दी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा आरंग के पूर्व विधायक शिव कुमार डहरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर की इस उपलब्धि पर ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, बेमचा उपक्षेत्र के अध्यक्ष देव दत्त चंद्राकर, सचिव हेमेंद्र चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर, केआर चंद्राकर, ओंकार चंद्राकर, जितेंद्र चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, भानु चंद्राकर, धर्मराज चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, रेणुका चंद्राकर, मंजू चंद्राकर सहित ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस 4 से 14 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 10 मार्च को भारतीय किसान संघ की बैठक रखी गई । बैठक का शुभारंभ भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष कुबेर प्रकाश गिरी एवं उपाध्यक्ष बृजलाल साव ने किसानों के देवता बलराम की पूजा अर्चना एवं किसान संघ के जयकारों के साथ किया गया। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि यह दिन मात्र कैलेंडर का एक पन्ना नहीं, बल्कि उस अमर संघर्ष की नींव है जिसने देश के अन्नदाताओं को एक सूत्र में पिरोकर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। जब 4 मार्च 1979 को इस संगठन की नींव रखी गई, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह संगठन एक दिन देश के कोने-कोने में किसानों की आवाज बनेगा, लेकिन आज यह सच है और यह सच ठेंगड़ी की उस दूरदर्शिता और राष्ट्रीय चिंतन का प्रताप है जिसने हमेशा किसान को राष्ट्र-निर्माण का आधार स्तंभ माना।

दत्तोपंत ठेंगड़ी कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे, वे भारत के उन महान चिंतकों में से थे जिन्होंने राष्ट्र की आत्मा को गहराई से पहचाना और उसे मूर्त रूप देने का कार्य किया। उनका जन्म 1920 में महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था और बचपन से ही उनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कार थे।

वे केवल एक संगठनकर्ता ही नहीं, बल्कि एक प्रखर विचारक, दार्शनिक और राष्ट्र-निर्माता थे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था, समाज और संस्कृति पर गहन चिंतन किया और पाया कि भारत की असली ताकत उसके गांवों में बसती है और गांवों की ताकत हैं किसान और मजदूर।



उनका राष्ट्र चिंतन इतना गहन था कि उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का विकास तभी संभव है जब यहाँ के अन्नदाता और श्रमिक सशक्त होंगे। उन्होंने पाश्चात्य विकास मॉडल की आलोचना करते हुए भारतीय परिप्रेक्ष्य में एक वैकल्पिक अर्थव्यवस्था की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें किसान और मजदूर केंद्र में थे।

वे मानते थे कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि और लघु उद्योग होने चाहिए, न कि बड़े पूंजीवादी उद्योग। उनका यह चिंतन आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था।

ठेंगड़ी ने 1955 में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की, जो आज देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है। लेकिन वे केवल मजदूरों तक सीमित नहीं रहे, उन्होंने महसूस किया कि किसानों का भी एक ऐसा संगठन होना चाहिए जो राजनीति से ऊपर उठकर केवल किसानों के हितों के लिए कार्य करे। उन्होंने देखा कि उस समय देश में किसान आंदोलन तो बहुत थे, लेकिन अधिकतर संगठन या तो राजनीतिक दलों से जुड़े थे या फिर किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित थे। किसानों का कोई राष्ट्रीय स्तर का स्वतंत्र संगठन नहीं था जो उनकी समस्याओं को समग्रता से देख सके।

इसी विचारधारा को मूर्त रूप देने के लिए 1979 में एक ऐतिहासिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। यह अधिवेशन राजस्थान की पवित्र भूमि पर हुआ था, उस वीर भूमि पर जहां त्याग और बलिदान की गाथाएँ बिखरी पड़ी हैं। उस समय की परिस्थितियाँ बहुत चुनौतीपूर्ण थीं। देश में आपातकाल के बाद का माहौल था, राजनीतिक उथल-पुथल चल रही थी और किसानों के मुद्दों पर कोई गंभीरता से बात नहीं कर रहा था। लेकिन ठेंगड़ी के आह्वान पर देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 150 से अधिक किसान नेता और कार्यकर्ता वहां एकत्रित हुए। यह कोई बड़ी संख्या नहीं थी, लेकिन इन 150 लोगों के मन में जो जुनून था, जो समर्पण था और जो राष्ट्रभक्ति की लौ थी, वही आज इस विशाल वटवृक्ष की जड़ें बना।

उस अधिवेशन में ठेंगड़ी ने अपना प्रसिद्ध उद्बोधन दिया, जिसमें उन्होंने कहा था- ₹हर किसान हमारा नेता है।₹ यह कोई नारा नहीं था, यह एक जीवन दर्शन था। इस बैठक में किसानों ने विभिन्न मांगों पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें पिथौरा एसडीएम, तहसीलदार, नयाब तहसीलदार द्वारा सत्यापन बाद धान पहला टोकन जितेश साय वल्द कुसो राम ग्राम विराजपाली पहला टोकन 496 कट्टा भेजा गया। दूसरा टोकन में कटाने पर पता चला उपरोक्त अधिकारी द्वारा रकबा समर्पण कर दिया गया है। शासन से मांग है कि अंतर राशि फसल बीमा तथा कर्ज माफ किया जाए, तिलक चंद साव, बृजलाल साव, सहकारी समिति भुरकोनी रकबा समर्पण का अंतर राशि कृषि ऋण और फसल बीमा दिया जाए, खाद, बीज किसानों को नगद सरकारी समिति से दिलाया जाए, सहकारी समिति में काला कानून जो सूचना के अधिकार पर भी नहीं दिया जाता, हटाया जाए, समस्त दस्तावेज मांग पर दिया जाए, धान भराई एवं लाभांश सहकारी समिति कहां खर्च करती हैं विवरण उपलब्ध कराए, भारतीय किसान संघ की बैठक करने का सुनिश्चित स्थान नहीं है, से निवेदन है कि बैठक हेतु एक निश्चित स्थान उपलब्ध कराएं, केसीसी ऋण पर दस्तावेज पर्चा व आधार कार्ड पर ऋण उपलब्ध कराएं, नल, जल योजना द्वारा गांव में समुचित पानी सप्लाई नहीं दिया जा रहा है।

बैठक में किसान संघ के कुबेर गिरी गोस्वामी, बृजलाल साव, राजेंद्र वैष्णव, कृष्ण कुमार साहू, पुष्पेंद्र सिंह ध्रुव, संदीप कुमार डडसेना, किरण लाल सिदार, दिनेश प्रताप सिंह, लोकेश चंद्राकर, नंदकुमार साहू, ऋषभ साहू, अश्वनी कुमार साहू, राजेंद्र वैष्णव, भावना साहू, साधना चौहान, पिंकी साहू, लोकेश्वरी साहू, पूजा साहू, कुसुम साहू, हेमकुमारी भोई, डिगेश्वरी दीवान, सोनू गायकवाड़, प्रज्ञामयी भोई, चंद्रकांति नायक उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने विज्ञप्ति में दी है।

# भाठागांव भरींखार में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, निगम ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव में भरींखार की करीब 1 एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम अमले ने स्थल पर पहुंचकर रोक लगाई। जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव के निर्देश पर जोन की टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां निर्मित अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर स्थल पर आवाजाही को बाधित किया है। जनशिकायत पर निगम अमले ने संज्ञान लेते हुए भरींखार में 1 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल कारगर रोक लगाई।



इसी तरह दो दिन पहले नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के वीर सावरकर नगर वार्ड के जरवाय में निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के बाद जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने रजिस्टार पंजीयन को पत्र लिखकर अवैध प्लाटिंग वाली भूमि को ब्लाक करने पत्र लिखा है। साथ ही नगर निगम यह जमीन अधिग्रहित भी करेगा। विदित हो दो दिन पूर्व नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने जरवाय में निजी भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाया था।

# 10वीं-12वीं के छात्रों को उत्तीर्ण होने मिलेंगे अब तीन अवसर

## बोर्ड ने जारी किए कंपार्टमेंट एग्जाम संबंधित दिशा-

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के छात्रों पर बोर्ड एग्जाम का तनाव कम करने के लिए बड़ी राहत दी है। एक या दो सब्जेक्ट में असफल रहने वाले छात्रों को कंपार्टमेंट एग्जाम में पास होने के लिए तीन मौके मिलेंगे। बोर्ड ने इस साल एग्जाम के नियमों में इस पर स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

कम्पार्टमेंट एग्जाम उन छात्रों के लिए है, जो मेन बोर्ड एग्जाम में एक या दो सब्जेक्ट में फेल हो जाते हैं। बोर्ड छात्रों को कम्पार्टमेंट एग्जाम पास करने के लिए जुलाई-अगस्त, मार्च-अप्रैल और जुलाई-अगस्त (अगले सत्र) में तीन मौके मिलेंगे।

(सीबीएसई के नए नियमों के अनुसार, अब छात्रों को साल में दो मुख्य एग्जाम के अवसर मिलेंगे। पहले एग्जाम फरवरी-मार्च में आयोजित की जाती है, जबकि दूसरी एग्जाम मई-जून में आयोजित होगी। मुख्य परीक्षा फरवरी-मार्च में होती है। यह सभी के लिए अनिवार्य है। पूरक परीक्षा मई-जून में होगी। इसमें वे छात्र बैठ सकेंगे, जो फेल हो गए हैं। कंपार्टमेंट या जो अपने नंबरों से खुश नहीं हैं। बोर्ड के मौजूदा और नए प्रावधानों के अनुसार, यदि कोई छात्र मुख्य एग्जाम में फेल हो जाता है, तो उसे अपना साल बचाने के लिए कुल 3 अवसर दिए जाएंगे

### ... तो माना जाएगा फेल

यदि कोई छात्र इन तीन लगातार मौकों में भी एग्जाम पास नहीं कर पाता है, तो उसे 'फेल' माना जाएगा। उसे अगले साल सभी सब्जेक्ट के एग्जाम फिर से देने होंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि हर छात्र कंपार्टमेंट एग्जाम नहीं दे सकता। इसके लिए कुछ शर्तें हैं। कक्षा दसवी में यदि छात्र एक या दो सब्जेक्ट में फेल है, तो वह कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकता है। यदि छात्र 3 या उससे अधिक सब्जेक्ट में फेल है, तो उसे अगले साल सभी पेपर देने होंगे। इसी तरह कक्षा 12वीं के छात्र केवल एक सब्जेक्ट में कंपार्टमेंट एग्जाम दे सकते हैं। यदि छात्र एक से अधिक सब्जेक्ट में फेल है, तो उसे पूरा साल दोहराना होगा। विशेष बात यह है कि अब 'पास' होने वाले छात्र भी अपने नंबर बढ़ाने के लिए दूसरी एग्जाम में बैठ सकते हैं। 10वीं के छात्र अधिकतम 3 सब्जेक्ट में सुधार के लिए एग्जाम दे सकते हैं। वहीं 12वीं के छात्र केवल एक विषय में सुधार के लिए दूसरे एग्जाम में बैठ सकते हैं।

### पेज 9 का शेष

पेज 9 का शेष

### एआई शोधकर्ताओं को सक्षम और...

जबकि आधुनिक ज्ञान प्रणाली विकास और नवाचार को प्राथमिकता देती है। दोनों का समन्वय वर्तमान समय में समग्र और सतत विकास के लिए आवश्यक माना जाता है। शोध शाला में उपस्थित विद्यार्थियों श्रेयांश सोनी, ऋचा, योगेश, अंजली, निधि, प्रज्ञा ने अपने फीडबैक दिया गया । इस कार्यक्रम में अजय कुमार राजा, प्रदीप कन्हेर, सरस्वती सेठ, आशुतोष पुरी गोस्वामी, दिलीप बढ़ई, मुकेश साहू, डॉ जीवनलाल चंद्राकर, डॉ. जागृति चंद्राकर, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, नम्रता तंबोली, प्रकाशमणि साहू, डॉ भूपेश पात्रा, डॉ कलम रेखा, रेणुका साहू, विजय मिर्चे, डॉ सुशांत भट्टाचार्य कल्याणी साहू, रोहित ढीमर, अजय साव, पंकज डहरिया, मुकेश ढीढी, राकेश जांगड़े, मोरजध्वज कन्नौजे आदि कर्मचारी एवं अधिकारी व स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ गरिमा दीवान द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अजय कुमार राजा एवं डॉ अजय कुमार देवांगन व प्रियंका सोनवानी द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो जिला मंत्री बने कमलेश



**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता कमलेश डड़सेना को भाजयुमों जिला कार्यकारिणी में मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन में उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा उन्हें भाजयुमो जिला महासमुंद की कार्यकारिणी में मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। डड़सेना ने विश्वास जताया है कि वे आगे भी संगठन को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### योग भवन में 13 मार्च को होगा होली मिलन



**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन, महासमुंद में दिव्य जीवन संघ के तत्वावधान में 13 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायंकाल 6 बजे से रात लगभग 8:30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें फाग गीतों की प्रस्तुति के साथ पारंपरिक तरीके से होली का उत्सव मनाया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के रंग और गुलाल का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। होली मिलन के दौरान केवल पलाश और गेंदे के फूलों का ही उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यावरण के अनुकूल एवं सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आयोजन किया जा सके। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर एवं तारेंद्र चंद्राकर ने सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर होली मिलन समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

## समीक्षा : कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# विकास कार्यों में रूचि नहीं लेने वाले सरपंच-सचिवों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए जिले में संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान उठाव के कार्य में तेजी लाएं और शेष धान का उठाव 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कृषि विभाग को शिविर आयोजित कर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। कृषि उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर लंगेह ने जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए हैं तथा चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषित करने की जिम्मेदारी दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी छात्रों के अपार कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विकासखंड अधिकारियों को निर्देशानुसार काम करने कहा है। साथ ही जिनकी प्रगति संतोषप्रद नहीं है ऐसे बीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी-कर्मचारी मंगलवार और बुधवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में रहें तथा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे समय पर कार्यालय पहुंचे तथा आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से पालन करें।

उन्होंने कहा कि निर्धारित समय पर उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली में नियमित पत्राचार करते हुए इसे व्यवहार में प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल संचयन भागीदारी 2.0 योजनांतर्गत शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों में सोख्ता गड्ढा सहित जल संचयन के लिए विशेष पहल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा अंतर्गत जल संचयन के कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने खनिज एवं रेत के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने आधार कार्ड, वय वंदन योजना तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य विभागों से संबंधित पत्रों एवं लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




### कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, योजनाओं का समय-सीमा में सर्वे और क्रियान्वयन पर जोर

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि पीएम जनमन आवास योजना के अंतर्गत सर्वे के लिए पोर्टल 15 दिनों तक खुला है। उन्होंने पात्र हितग्राहियों का सर्वे समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वामित्व योजना अंतर्गत वनाधिकार पट्टों के नामांतरण के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह वन भूमि अंतर्गत आता है, तो संबंधित वन विभाग के रेंज ऑफिस से संपर्क करें। यदि राजस्व अंतर्गत है तो तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं। इससे स्वामित्व के पट्टे बनाए जा सकेंगे। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मानव दिवस बढ़ाने के निर्देश दिए है। वर्तमान में 526 ग्राम पंचायतों में लगभग 36 हजार मजदूर कार्यरत हैं, जिसे और बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही गांव-गांव में कचरा संग्रहण की शुरुआत करने के निर्देश दिए। विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे बसे गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगरीय निकायों के सीएमओ को नियमित साफ-सफाई एवं कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत सभी संकेतकों को पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया तथा ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। आगामी जनगणना को ध्यान में रखते हुए जनगणना प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के लिए अधिकारियों को कहा गया। कलेक्टर ने विभिन्न विकास प्राधिकरणों में लंबित कार्यों में रुचि नहीं लेने वाले सरपंच एवं सचिवों पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने ड्रग्स, खाद्य, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग को नशे के विरुद्ध सतत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में आज कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम खम्हरिया बागबाहरा निवासी रुखमणि सिन्हा ने अपने पुत्र हेतु तेंदूपत्ता मेधावी विद्यार्थी योजना का लाभ प्रदाय करने हेतु आवेदन किया। इसी तरह ग्राम छोटेलोरम में मोबाइल टावर स्थापित करने हेतु, ग्राम सावित्रीपुर निवासी अलेखराम खूंटे द्वारा वन अधिकार पत्र संबंधी, ग्राम लाखागढ़ से सेवैयाकला पहुंच मार्ग हेतु, ग्राम सवैयाकला निवासी घांसीराम देवांगन द्वारा हाट बाजार में नया चबूतरा निर्माण हेतु एवं बेमचा निवासी रूपराय निषाद ने पेंशन हेतु आवेदन किया। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना, पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, सीमांकन, लम्बित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।



### महिला दिवस पर भोरिंग में महिलाओं का सम्मान नशामुक्त ग्राम बनाने की दिलाई शपथ

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भोरिंग की महिला समितियों द्वारा 09 मार्च को त्रिमूर्ति प्रतिमा के सामने स्थित सतनाम भवन भोरिंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम संगठन भोरिंग की बैठक के दौरान जिले की महिला अधिकारियों की उपस्थिति में महिलाओं को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रेरणादायक विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भोरिंग के सरपंच, पंच, पंचायत सचिव, अनुग्रह ग्राम संगठन व नवा बिहान ग्राम संगठन के पदाधिकारी तथा विभिन्न समितियों के सदस्यगण भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंग, उप संचालक पशु चिकित्सक सेवाएं डॉ. अंजना नायडू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी प्रभा मारकंडे और आयुष अधिकारी डॉ. मुक्ता बरिहा ने महिलाओं को समाज में उनकी भूमिका, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### गोस्वामी समाज का होली मिलन में आयोजित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद का जिला स्तरीय होली मिलन कार्यक्रम ग्राम लभरा कला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, सहकारी समिति खट्टी के अध्यक्ष हुलास गिरि, डॉ देवेश गिरि, महिला प्रकोष्ठ से सरस्वती देवी, सुरेश गोस्वामी, संगीता भारती, मंजू गोस्वामी, उर्वशी गोस्वामी तथा विभा गोस्वामी थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, कार्तिक पुरी तथा होमेन्द्र गिरि ने परंपरागत छत्तीसगढ़ी फाग गीत सुनाया जिनका साथ नगाड़ा बजाकर यशवंत गिरि, संजय गिरि और चंदन पुरी द्वारा दिया गया, जिस पर शंकर पुरी, डिगेंद्र गिरि, बबलू पुरी, युवराज बन, देवगिरि, दीपेश गिरि, धर्मेंद्र गिरि, नागेन्द्र भारती, राजू गिरि, ओंकार गिरि, जितेंद्र गिरि आदि जमकर नृत्य किए। मंचीय कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पुरी ने तथा आभार प्रदर्शन रामेंद्र प्रकाश गिरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर खोमन भारती, चुनेश्वर पुरी, नोहर गिरि, अर्जुन गिरि, निशा गोस्वामी, रश्मि गोस्वामी, भोज गोस्वामी, उषा गोस्वामी, प्रतिमा गोस्वामी, संध्या गोस्वामी, प्रतिभा गोस्वामी, रीनू गोस्वामी, चंद्रिका, दीक्षा, जिज्ञासा, अर्पिता, आकांक्षा, गरिमा, ऋतु, मेघना, आरोही, रूद्रांश गिरि, प्रभात गिरि, ओमप्रकाश गिरि, अजय गिरि आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सबने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया।




### त्रिमूर्ति कॉलोनी में नवीन साइन बोर्ड का नपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 16 त्रिमूर्ति कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर नवीन साइन बोर्ड (नाम पट्टिका) का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर के साथ वार्डवासियों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना कर किया। साहू ने साइन बोर्ड की सौगात मिलने पर कॉलोनी वासियों को कहा कि यह साइन बोर्ड त्रिमूर्ति कॉलोनी की पहचान को मजबूत करेगा। तथा आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें सही दिशा और जानकारी प्रदान करने में मदद करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, ईश्वरी संजय भोई, पार्षद मुस्ताक खान, भाऊ राम साहू, बड़ेमुन्ना देवार सहित वार्डवासी राजेश्वरी चंद्राकर, रीता चंद्राकर, आशा चंद्राकर, शशि चंद्राकर, लता चंद्राकर, मेनका चंद्राकर, गीतांजलि भुवाल, मेघा चंद्राकर, पिंकी चंद्राकर, किरण चंद्राकर, अर्चना तिवारी, दीपक तिवारी, बिंदु ठाकुर, शैलेंद्र भुवाल, दीप अग्रवाल, अजय विश्वास, बीआर बंजारे, चेतन चंद्राकर, अर्जुन चंद्राकर आदि कॉलोनी वासी उपस्थित थे।

# महिला एवं बाल विकास के लिए विधायक संपत अग्रवाल की सौगात

## सभापति प्रकाश की मांग पर विधायक ने की 20 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

मांगलिक भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के दौरान जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों की सुविधा तथा विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन के लिए बसना में एक समुचित आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग रखते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को मांग पत्र सौंपा।

सिन्हा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनें गांव-गांव में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास कार्यालय के सामने बाउंड्रीवाल निर्माण एवं भवन के जीर्णोद्धार तथा कार्यालय परिसर से बालिका छात्रावास की ओर जाने वाले मार्ग में सीसी रोड निर्माण की भी मांग रखी। विधायक डॉ. संपत ने सकारात्मक पहल करते हुए मंच से ही सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये तथा बाउंड्रीवाल एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों की सुविधा के लिए भवन निर्माण हेतु बजट बनाकर व्यवस्थित भवन बनाने की बात भी कही। कार्यक्रम के दौरान सभापति प्रकाश सिन्हा, परियोजना अधिकारी राम सिंह मिरी, पर्यवेक्षक उमादेवी पटेल सहित गरिमा कैवर्त, अपर्णा कुजूर, पुष्पा राज, ज्योति सिंह ठाकुर, निशा बघेल, चंद्रिका ठाकुर, कोकिला बारिहा, लछवंतीन खड़िया, रुखमणि चौधरी एवं कविता पटेल द्वारा बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया।




# यूपीएससी में चयन पर गांव में भव्य स्वागत किसान के बेटे संजय का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- गृहग्राम बेलटुकरी पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने दी बधाई
- कड़ी मेहनत और संघर्ष का परिणाम, गंभीर बीमारी से जूझने के बाद हासिल की सफलता

सामान्य परिवार से आने वाले किसान के बेटे संजय डहरिया के यूपीएससी में चयन होने पर उनके गृहग्राम बेलटुकरी में जोरदार स्वागत किया गया। गांव पहुंचने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण ढीढी, भाजपा शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता राकेश सचदेव, उषा पाल, देवेंद्र राय, कीर्ति बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने हर्ष जताया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि छह दिन पहले जब संजय डहरिया के चयन की खबर मिली थी, तब तत्काल विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दूरभाष पर शुभेच्छा जताई।


### निःशुल्क प्रशिक्षण से खुला रोजगार का रास्ता, संगीता बनी आत्मनिर्भर

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय महासमुंद वार्ड 26 में रहने वाली संगीता सुराना आज आत्मनिर्भर होकर अपनी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद कर रही हैं। संगीता सुराना बताती हैं कि एक समय ऐसा था जब उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि जीवन में आगे क्या किया जाए। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा था कि वह एक दिन ब्यूटीशियन बनकर अपना स्वयं का काम शुरू करेंगी। इसी दौरान उनकी एक सहेली ने उन्हें बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह जानकारी मिलने के बाद संगीता ने प्रशिक्षण में सहभागिता की और पूरी लगन के साथ ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। संगीता बताती है कि वे और उनके परिवार ने जीवन में कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया, पर उन्होंने कभी हार नहीं मानी। प्रशिक्षण के बाद संगीता ने अपने घर से ही ब्यूटीशियन का काम शुरू किया और प्रतिदिन 8 से 10 घंटे मेहनत कर धीरे-धीरे अपनी पहचान बनाई। आज वह अपने इस काम से अच्छी आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में पूरा सहयोग कर रही हैं। संगीता बताती हैं कि पहले उन्होंने केवल शौक के लिए ब्यूटीशियन का कोर्स किया था, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि यह हुनर एक दिन उनके लिए रोजगार का माध्यम बन जाएगा। संगीता का कहना है कि विभाग द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी और अवसर मिलने से ही वह आज आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकी हैं। संगीता सुराना इस सफलता के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग का आभार व्यक्त की हैं।

# गैस के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने गरीबों की रसोई में डाला डाका : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि रसोई गैस के दाम बढ़ाकर भाजपा ने गरीब और मध्यम वर्ग की रसोई पर डाका डाला है। उन्होंने कहा है कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपये की बढ़ोतरी कर केंद्र की भाजपा सरकार ने एक बार फिर देश की गरीब, मध्यम वर्गीय और मेहनतकश जनता पर महंगाई का भारी बोझ डाल दिया है। चंद्राकर ने बताया कि कॉर्पोरेशन ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को भी खारिज किया है, जिनमें देश में ईंधन की कमी का दावा किया जा रहा था। देश के पास कई स्त्रोतों से पर्याप्त ऊर्जा आपूर्ति उपलब्ध है, जो संभावित बाधाओं से कहीं अधिक है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब देश में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और सप्लाई भी पर्याप्त है, तो फिर रसोई गैस की कीमतों में यह बढ़ोतरी क्यों की गई? भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में करीब 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में लगभग 115 रुपये की बढ़ोतरी कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार आने के बाद महंगाई लगातार बढ़ी है और आम जरूरत की चीजें भी महंगी हो गई हैं। कभी गैस सिलेंडर 350 से 400 रुपये में मिलता था। उस समय भाजपा के लोग सड़कों पर उतरकर विरोध करते थे, लेकिन आज कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, और वे चुप बैठे हैं।



चंद्राकर ने कहा कि वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में लिखकर यह वादा किया था, कि उनकी सरकार बनने के बाद प्रदेशवासियों को 500 रु. में घरेलू गैस सिलेंडर मिलेगा। बड़े-बड़े मंचों, चुनावी सभाओं में उनके राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश स्तर के नेताओं ने चिल्ला-चिल्लाकर महंगाई कम करने और गैस को 500 रु. में देने का वादा किया। लेकिन, सरकार बनते ही भाजपा ने प्रदेशवासियों से किये इस वादे को भूला दिया। आज दिन-प्रतिदिन घरेलू गैस के दाम बढ़ रहे हैं। गरीब परिवारों के रसोई का बजट बिगड़ रहा है। महंगाई के बोझ तले जनता दबे जा रहे हैं, और सरकार इस मुद्दे पर बोलने से भी बच रही है। चंद्राकर ने कहा कि 2014 में भाजपा की सरकार बनने से पहले रसोई गैस के 350 से 400 रु. के दाम पर मोदी को महंगी लगती थी। प्रधानमंत्री बनते ही जिस तेजी से उन्होंने रसोई गैस के दाम में बढ़ोत्तरी की, जो आज 1000 रु. तक पहुंच चुकी है और यह उन्हें महंगी नहीं लग रही।

# वर्ल्ड कप जीतते ही जमकर आतिशबाजी, देर रात तक सड़कों पर निकाला जुलूस, पूरे चार घंटे स्क्रीन के सामने डटे रहे प्रेमी

**सरायपाली।** भारत ने न्यूजीलैंड को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में हराकर खिताब जीत लिया। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदकर तिरंगा लहराया। भारत के 255 रन के जवाब में न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया का न्यूजीलैंड के साथ हुए वर्ल्डकप के फाइनल मुकाबले से पहले रविवार को दिन में तो रंग खेला वहीं शाम को क्रिकेट प्रेमीयो ने जीत का जश्न मनाया। दरअसल, भारतीय क्रिकेटर्स के एक बड़े स्कोर 256 को चेज करने में जुटे आगे न्यूजीलैंड के खिलाड़ी तब बेदम से नजर आने लगे थे जब वे एक-एक कर पैवेलियन लौटने लगे थे।

हद तो तब हो गई जब न्यूजीलैंड मैच समाप्ति के करीब एक घंटे पहले रात 9.45 बजे ही नगर में पटाखे चलने की आवाजें आने लगी थीं। वो इसलिए कि न्यूजीलैंड की जीत की संभावना क्षीण हो गई थी और भारत के जीतने की प्रबल। इसके ठीक एक घंटे बाद जब भारतीय टीम को जीत मिली तब का जोश अलग ही हाई मोड में नजर आया।

**शहर में कई जगह बड़ी स्क्रीन पर लिया लोगों ने मैच का लुत्फ**

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल का लुत्फ लेने के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने पहले से ही जहां घरों में मैच देखने के इंतजाम कर रखे थे। वहीं नगर में जगह-जगह बड़ी स्क्रीन भी लगी हुई थीं, जहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी जुटे और इस हाईप्रोफाइल मैच को इंजॉय किया।



# सांसद चौधरी की पहल पर छत्तीसगढ़ को 3,942 करोड़ का भारतनेट प्रोजेक्ट

## 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय ने भारतनेट परियोजना के तहत राज्य के लिए 3,942 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके माध्यम से 11,000 से अधिक ग्राम पंचायतों को रिंग टोपोलॉजी आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इस निर्णय के पीछे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा उठाई गई पहल और लगातार किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि 5 दिसंबर 2025 को लोकसभा में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट 2.0 की जमीनी स्थिति का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सदन में कहा था कि डिजिटल इंडिया की इस महत्वपूर्ण परियोजना का राज्य में अपेक्षित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। कई स्थानों पर ऑप्टिकल फाइबर केबल अधूरी पड़ी हैं, खुदाई अधूरी छोड़ दी गई है और पंचायतों, शासकीय विद्यालयों तथा स्वास्थ्य केंद्रों को डिजिटल कनेक्टिविटी का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### डिजिटल सेवाओं को मिलेगी रफ्तार

नई स्वीकृति के तहत विकसित होने वाला रिंग टोपोलॉजी आधारित नेटवर्क अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित माना जाता है। इस प्रणाली में यदि किसी एक बिंदु पर नेटवर्क बाधित होता है तो इंटरनेट सेवा वैकल्पिक मार्ग से जारी रहती है, जिससे कनेक्टिविटी बाधित नहीं होती।परियोजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस सेवाओं, ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन और डिजिटल आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है। इससे ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और ग्रामीण समुदायों को बेहतर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।




### संसद में उठे मुद्दे से मिली प्राथमिकता

विशेषज्ञों का मानना है कि संसद में उठाए गए मुद्दे और उसके बाद मंत्रालय स्तर पर की गई पहल ने इस विषय को नीति स्तर पर प्राथमिकता दिलाने में भूमिका निभाई। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस मुद्दे को केवल अपने संसदीय क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों की डिजिटल जरूरतों को सामने रखा।सांसद ने कहा कि डिजिटल कनेक्टिविटी आज ग्रामीण विकास की आधारभूत आवश्यकता बन चुकी है और यह प्रयास छत्तीसगढ़ के गांवों को डिजिटल इंडिया के लाभों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

सांसद ने यह भी ध्यान दिलाया था कि जल जीवन मिशन जैसी अन्य विकास परियोजनाओं के दौरान कई स्थानों पर पहले से बिछी फाइबर केबल क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उनके समन्वय और मरम्मत के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता प्रभावित हुई है। संसद में यह विषय उठाने के बाद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय संचार मंत्री से मुलाकात कर इस विषय पर विस्तृत मांग-पत्र भी सौंपा, जिसमें परियोजना की समीक्षा, जिम्मेदारी तय करने और राज्य में डिजिटल नेटवर्क के प्रभावी पुनः क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में भारतनेट परियोजना को नई तकनीकी संरचना के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष बने विजय



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन ने विजय नायक को भाजयुमों का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर नायक ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। नियुक्ति पर जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए कहा है कि उनके अनुभव से युवा मोर्चा जिले में और अधिक मजबूत और सक्रिय होगा।

### उत्कल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने यूके दास



**पिथौरा।** उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज के नए पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया भी संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मति से यूके दास को उत्कल ब्राह्मण समाज पिथौरा शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यूके दास शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं और सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बैठक में समाज के प्रमुख सदस्यों में पीसी त्रिपाठी, रामचंद्र मिश्रा, भोजराज पुरोहित, राधेश्याम पांडे, नवीन पंडा, अरुण देवता, राजेंद्र पुरोहित, अश्विनी पुरोहित, रविशंकर पाढ़ी, एसएस मिश्रा, पी.सी. सामंतराय, टिकेश्वर होता सहित अन्य सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 15 से खुरहा-चपका रोग टीकाकरण अभियान

**महासमुंद।** पशुधन में फैलने वाली खुरहा-चपका रोग की रोकथाम के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में खुरहा चपका रोग टीकाकरण का सातवां चरण आगामी 15 मार्च 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत पशुधन विभाग की टीम गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर पशुओं का टीकाकरण करेंगे तथा सभी टीकाकरण की जानकारी भारत पशुधन पोर्टल में दर्ज की जाएगी।

## बैठक : संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

# कांग्रेस की संगठन विस्तार बैठक कार्यकर्ताओं से दावेदारी की अपील

- खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक
- योग्य और सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा, कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन सशक्त करने का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के तत्वावधान में 8 मार्च, रविवार को संगठन विस्तार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने की।

बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के संगठन को मजबूत बनाने तथा विभिन्न पदों पर नियुक्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही इच्छुक कार्यकर्ताओं से दावेदारी भी आमंत्रित की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए योग्य, सक्रिय और मेहनती पदाधिकारियों की आवश्यकता है, जो पार्टी को मजबूती देने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य करें।

इस अवसर पर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी पूरा मान-सम्मान मिलना चाहिए और पार्टी की रीति-नीति को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।

बैठक में मुख्य रूप से मुकुंद सिंह, शहजान पाशा, चंदू साहू, तेनु साहू, बलेश साहू, तुलाराम साहू, हरि यादव, फूलसिंह ध्रुव, राहुल कुलदीप, जीवन नायक, चोवा राम साहू, जयंती चंद्राकर, सुनील व्यवहार, ओम प्रकाश साहू, सुरेश पटेल, योगेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुरेश साहू, भुवनेश्वर ध्रुव, अंगा साहू, गंगा भोसले, मोहन साहू, भारत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 'जीवन के रंग खुशियों के संग' पहल से छात्रावास में बढ़ी सकारात्मकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**खास बातें**

- हैप्पी मॉर्निंग और हैप्पी नाइट से शुरू हो रहा दिन, बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास और सहयोग की भावना
- प्रोजेक्ट संकल्प से प्राप्त प्रशिक्षण के बाद पिथौरा छात्रावास के वातावरण में आया सकारात्मक



पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पिथौरा में जीवन के रंग खुशियों के संग प्रोजेक्ट के तहत एक सकारात्मक और प्रेरणादायक पहल देखने को मिल रही है। प्रोजेक्ट संकल्प से प्राप्त प्रशिक्षण के बाद छात्रावास के वातावरण में सकारात्मक परिवर्तन आया है। अब छात्रावास के छात्र एक-दूसरे को गुड मॉर्निंग और गुड नाइट की जगह हैप्पी मॉर्निंग, हैप्पी इवनिंग और हैप्पी नाइट कहकर संबोधित करते हैं, जिससे वातावरण में सकारात्मकता और उत्साह का संचार हो रहा है। इस पहल का असर यह भी हुआ है कि छात्रावास के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को अब कर्मचारी नहीं बल्कि सहयोगी के रूप में सम्मान दिया जाने लगा है। इससे उनमें भी आत्मसम्मान और उत्साह बढ़ा है तथा वे बच्चों के साथ और अधिक जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। प्रोजेक्ट के अंतर्गत बच्चों को कई प्रेरणादायक कहानियां सुनाई गईं, जो प्रशिक्षण के दौरान बताई गई थीं। इन कहानियों से प्रेरित होकर छात्रों ने उन्हें अपने गांव और घर जाकर परिवार एवं अन्य बच्चों को भी सुनाया। इसके साथ ही बच्चों को सफलता के 10 मंत्र बताए गए और उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने इन सफलता मंत्रों को समझते हुए स्वयं उनके पोस्टर भी तैयार किए, जिससे वे रोज़ उन्हें देखकर प्रेरणा ले सकें।

छात्रावास में बच्चों और सहयोगी कर्मचारियों ने मिलकर किचन गार्डन भी तैयार किया है। इससे बच्चों में सामूहिक कार्य की भावना और प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ा है। साथ ही समय-समय पर बच्चों से उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में चर्चा की जाती है, जिससे उनकी बातों को समझने और समाधान करने में आसानी होती है।

# बेमचा में चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मां खल्लारी मंदिर बेमचा में चैत्र नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ 19 मार्च 2026, गुरुवार से ज्योति प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मां खल्लारी के दर्शन करने पहुंचेंगे। महोत्सव के अंतर्गत 19 मार्च को दोपहर 12 बजे ज्योति स्थापना की जाएगी। इसके बाद 23 मार्च 2026, सोमवार को पंचमी श्रृंगार का विशेष आयोजन होगा। वहीं 26 मार्च 2026, गुरुवार को शाम 5 बजे हवन अनुष्ठान किया जाएगा तथा रात्रि 12 बजे हवन शांति संपन्न होगी। इसके अलावा 2 अप्रैल को मंदिर परिसर में भव्य मेला भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुजनों से आग्रह किया है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर मां खल्लारी के दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी।

# 4 माह से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे निराश्रित : सृष्टि



**महासमुंद।** जिले के निराश्रित, विधवा और बुजुर्ग पेंशनभोगियों को पिछले 4 महीने से पेंशन नहीं मिल पाई है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। वृद्धजन, विधवा, दिव्यांग, सुखद सहारा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े हजारों हितग्राही इस समस्या से सीधे तौर पर प्रभावित हैं। जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने तत्काल निराश्रितों को पेंशन प्रदान करने की मांग की है। सृष्टि ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सुखद सहारा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हजारों हितग्राही पेंशन से वंचित हैं। ये सभी पिछले चार महीनों से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्या का मुख्य कारण केंद्र सरकार द्वारा राज्य को अपना अंश समय पर जारी नहीं किया जाना है, जिससे राज्य सरकार को योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई आ रही है। उन्होंने भाजपा की 'गारंटी' पर सवाल बताते हुए कहा कि सरकार के वादों के बावजूद जरूरतमंदों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। भाजपा की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का फर्क साफ दिख रहा है।

## चंद्राकर समाज की महिलाओं का होली मिलन समारोह आयोजित



**महासमुंद।** नगर के हृदय स्थल श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में चंद्राकर समाज की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने आपसी प्रेम, सौहार्द तथा एकता का संदेश दिया। जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की। फूलों और गुलाल के साथ होली खेलते हुए महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और पूरे वातावरण को रंगों की खुशियों से सराबोर कर दिया। गीत-संगीत, हंसी-ठिठोली और आत्मीय संवाद के बीच होली मिलन समारोह बेहद उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी मेल-मिलाप को बढ़ाने के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। होली जैसे पावन पर्व पर इस प्रकार का मिलन समारोह समाज की एकजुटता और पारिवारिक भावना को और मजबूत करता है।

# कोमाखान में भारत की जीत व चैंपियन बनने पर जश्न, आतिशबाजी के साथ उड़े रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान



फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से परास्त कर टी 20 का खिताब तो जीता ही है। साथ ही भारतीय टीम तीसरी बार विश्व चैंपियन बनी। जीत व चैंपियन बनने की दोहरी खुशी में युवाओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाया और मध्य रात्रि डीजे की धुन पर थिरकते नजर आये। वहीं देर रात तक पटाखे फोड़ कर खूब आतिशबाजी भी की गई।

उल्लेखनीय है कि आज क्रिकेट का जुनून सभी पर सवार है। रविवार को टी 20 विश्वकप का फाइनल मैच देखने स्थानीय युवाओं ने एक बड़ी स्क्रीन की व्यवस्था साप्ताहिक बाजार के पास की थी। पूरा नगर सायं 7 बजे के पहले स्क्रीन के समक्ष आ बैठा। मैच के दौरान युवाओं ने हरेक बाउंड्री व सिक्स के अलावा न्यूजीलैंड के विकेट पतन के दौरान बम फोड़ते रहे। अंत में भारतीय टीम ने मैच जीतकर टी 20 का खिताब जीता व तीसरी बार चैंपियन का ताज बरकरार रखा। बहरहाल जीत का जश्न मनाने वाले युवाओं में उपसरपंच कोमाखान हीरेंद्र उपाध्याय, रवि केशरवानी, सुनील जैन, अबीर अग्रवाल, नितिन जैन, धैर्य जैन, पंकज जैन, नरेंद्र जैन, धीरज जैन, देवज्ञ चंद्राकर, मयंक चंद्राकर, अभय जैन, देवव्रत शर्मा, अक्षत अग्रवाल, वाजिद खान, जाविद खान के अलावा आकाश जैन, पीयूष जैन, प्रदीप यादव, हरिशंकर यादव, आदेश उपाध्याय, अनिल द्विवेदी, कुमार ठाकुर, विनोद चंद्राकर, रूपेश साहू, राजा जैन, राजू जैन, राजू केशरवानी, समीर खान आदि थे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जिले के 2548 हितग्राहियों को मिल रहा

# उषा और यामिनी ने कहा- मकान के साथ मन भी ऊर्जित रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से देश सहित जिले के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना से आम जनता को आर्थिक राहत मिलने के साथ ही अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में अब तक महासमुंद जिले के 2548 हितग्राही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब तक कुल 7146 नागरिकों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है तथा 6620 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का चयन कर लिया गया है। सभी हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है और लोगों से अपील की है कि हर घर को इस योजना से जुड़ना चाहिए। आज हम सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि बिजली उत्पादक और पर्यावरण रक्षक भी बन सकते हैं।





इमली भाठा निवासी उषा साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से उन्हें नियमित और सस्ती ऊर्जा मिल रही है। इससे बिजली बिल में काफी कमी आई है और परिवार की आर्थिक बचत भी बढ़ी है। हैं। इसी तरह महासमुंद निवासी यामिनी यदु ने कहा कि इस योजना के माध्यम से सोलर पैनल लगवाने में शासन से सब्सिडी मिली, जिससे खर्च कम हुआ। अब घर में दिनभर बिजली उपलब्ध रहती है और अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देने से भी लाभ मिल रहा है। इससे मकान और मन दोनों ऊर्जित रहता है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हितग्राही कुम्हार पारा निवासी गेंद लाल साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उनके घर की छत पर सोलर पैनल लगने से अब बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब सौर ऊर्जा से घर की जरूरतें पूरी हो रही इसी तरह वर्धमान नगर महासमुंद निवासी घनश्याम ध्रुव ने कहा कि सोलर पैनल लगने के बाद बिजली कटौती की समस्या खत्म हो गई है। अब घर में पंखा, कूलर और अन्य उपकरण आसानी से चल पाते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली की बचत हो रही है और घर का मासिक खर्च भी कम हुआ है।

